CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....


DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 51 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 06 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## छात्रसंघ चुनाव को लेकर जयपुर में बवालः पायलट बोले– यह सरकार सिर्फ़ सत्ता का सुख भोग रही है, चुनाव से भाग रही है

### शहीद स्मारक पर एनएसयूआई का विरोध प्रदर्शन, वाटर कैनन से रोका, 36 से अधिक कार्यकर्ता हिरासत में





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव की बहाली की माँग को लेकर मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई ने राजधानी जयपुर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। शहीद स्मारक पर आयोजित सभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभा के बाद जैसे ही एनएसयूआई कार्यकर्ता मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़ने लगे, पुलिस ने वाटर कैनन चलाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान सचिन पायलट पर भी वाटर कैनन चलाई गई। वहीं पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की धक्का-मुक्की भी हुई।

पुलिस ने लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ सहित 36 से अधिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

### पायलट का सीधा हमला- "यह सरकार केवल राज भोग रही है"

सभा को संबोधित करते हुए सचिन पायलट ने राज्य सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, ÷सरकार बताएं कि छात्रसंघ चुनाव क्यों नहीं कराए जा रहे हैं? यदि कोई कारण है, तो उसे सार्वजनिक करें। लेकिन इस सरकार को तो केवल पद पर बैठकर आनंद लेने की आदत हो गई है। लोकतंत्र की बुनियाद से खिलवाड़ हो रहा है।



उन्होंने कहा, यह समझ नहीं आता कि मुख्यमंत्री को कौन सलाह दे रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास ठप हो गया है। चुनाव रोकने का कौन-सा नीतिकार उन्हें रास्ता बता रहा है? यह दोहरी सत्ता वाली सरकार जानती है कि पाँच वर्ष कुछ भी कर लो, चुनाव के समय धार्मिक भावनाओं को भड़काकर जनता से मत प्राप्त कर लिए जाएंगे।

### पूनिया ने कहा "छात्र राजनीति लोकतंत्र की पाठशाला है"

विधायक अभिमन्यु पूनिया ने सरकार को चेताया, ÷यदि किसी भी छात्र पर झूठा मुकदमा दर्ज किया गया, तो कांग्रेस पार्टी माकूल जवाब देगी। हम किसी भी कीमत पर छात्रसंघ चुनाव करवाकर ही रहेंगे।

मुकेश भाकर ने कहा, ÷आज इस मंच पर ऐसे अनेक नेता उपस्थित हैं, जो छात्र राजनीति से निकलकर विधानसभा और संसद तक पहुँचे हैं। हम छात्रों की आवाज़ को दबने नहीं देंगे। आने वाले दिनों में विरोध और तेज़ होगा।

### आंदोलन अब और तेज़ होगा

इस बड़े प्रदर्शन के बाद छात्र राजनीति का मुद्दा एक बार फिर प्रदेश की राजनीति के केंद्र में आ गया है। यद्यपि सरकार की ओर से अब तक कोई औपचारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र चुनाव तिथि घोषित नहीं की गई, तो राज्यभर में आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

## युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या, शव मिलने पर परिजनों ने हाईवे पर लगाया जाम

### उदयपुर-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर चार घंटे यातायात ठप, 10 लाख मुआवजा व नौकरी के आश्वासन पर माने परिजन





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र बुधपुरा में मंगलवार सुबह पराणा लिंक रोड पर एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान घरनारा निवासी 25 वर्षीय सोनू सिंह हाड़ा के रूप में हुई, जो पास के धर्म कांटे पर कार्यरत था। युवक की हत्या चाकुओं से गोदकर की गई। शव मिलने की सूचना पर गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर शव रखकर जाम लगा दिया, जिससे चार घंटे तक हाईवे पर यातायात ठप रहा और सैकड़ों वाहन फंस गए।

### वॉट्सऐप कॉल कर बुलाया गया था युवक

सोमवार रात से लापता सोनू सिंह के बारे में परिजनों ने बताया कि उसे रात को उसके कुछ दोस्तों ने वॉट्सऐप कॉल कर बाहर बुलाया था। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। डाबी थानाधिकारी हेमराज शर्मा ने बताया की पुलिस ने देर रात युवक की गुमशुदगी की सूचना मिलने पर तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। मंगलवार सुबह उसका शव पराणा गांव के लिंक रोड पर मिला, जिस पर चाकू से हमले के कई निशान थे। शव के पास खून बिखरा हुआ था ।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, करणी सेना भी पहुंची

हत्या की जानकारी मिलते ही गांव के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए और राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी, मृतक की पत्नी को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर विरोध शुरू कर दिया। धरना स्थल पर करणी सेना के पदाधिकारी भी पहुंचे और प्रदर्शन में समर्थन जताया। घटना को लेकर क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई।

### प्रशासन ने की समझाइश, बनी सहमति

घटना की सूचना पर एएसपी उमा शर्मा, डीएसपी हेमंत गौतम, तहसीलदार व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से समझाइश की। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद परिजनों व ग्रामीणों से सहमति बनी, जिसमें प्रशासन ने 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और एक परिजन को सरकारी नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद जाम हटाया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### पुलिस जुटी जांच में, आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। शव के पास मिले सबूतों के आधार पर कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## राहुल गांधी के बयान पर गहलोत का पलटवार - 'चीनी घुसपैठ की सच्चाई बताना देशभक्ति, न कि अपराध'

### पूर्व मुख्यमंत्री बोले - राहुल ने कोई गोपनीय जानकारी साझा नहीं की, बल्कि सरकार को किया आगाह

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चीन सीमा को लेकर दिए गए बयानों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद अब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत उनके बचाव में सामने आए हैं। गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने कोई भी गोपनीय सूचना साझा नहीं की, बल्कि उन्होंने चीन की वास्तविक घुसपैठ और देश की सुरक्षा चिंताओं को उजागर कर सरकार को सचेत किया है।

गहलोत ने लिखा, ÷गलवान में हमारे 20 जवानों की शहादत, लद्दाख में चीनी सैनिकों की घुसपैठ और झड़पें - ये सारी जानकारियाँ पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में मौजूद हैं। सोनम वांगचुक जैसे लद्दाखी कार्यकर्ता भी



इन मुद्दों को समय-समय पर उठाते रहे हैं। राहुल गांधी का बयान केंद्र सरकार से इस पर ठोस कार्रवाई की अपील था, न कि कोई गोपनीय खुलासा।

गहलोत ने सवाल उठाया कि जब यह मामला देश की संप्रभुता से जुड़ा है, तो सरकार को स्वयं आगे आकर संसद में



Ashok Gehlot @ashokgehlot51 · 21h

श्री @RahulGandhi ने कोई गोपनीय जानकारी साझा नहीं की। गलवान में चीनी घुसपैठ और झड़प जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए, की जानकारी पहले से सार्वजनिक रूप से मौजूद हैं। चीन द्वारा भारत में लगभग 2000 किलोमीटर तक की घुसपैठ और उससे संबंधित स्थानों की जानकारी भी इंटरनेट और मीडिया में विश्वसनीय स्रोतों पर उपलब्ध है।

लद्दाख के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता श्री सोनम वांगचुक भी समय-समय पर चीनी घुसपैठ को लेकर चिंता जताते रहे हैं। श्री राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के बाद 2023 में लद्दाख का दौरा किया था। उस समय बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी चीनी घुसपैठ की शिकायत की थी। केंद्र की भाजपा सरकार ने भी चीनी आक्रामकता में हमारे सैनिकों की शहादत को स्वीकार किया है। श्री राहुल गांधी का बयान सरकार से इस मुद्दे पर उचित कार्रवाई की अपील के रूप में था।

चूंकि यह उस समय एक ज्वलंत मुद्दा था इसलिए सरकार को स्वयं आगे आकर इस विषय पर संसद में चर्चा करनी चाहिए थी ताकि देश को विश्वास में लिया जा सके परन्तु ऐसा नहीं हुआ।

देशभक्ति का सबसे बड़ा स्वरूप होता है देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देना। श्री राहुल गांधी के पिता श्री राजीव गांधी एवं उनकी दादी श्रीमती इंदिरा गांधी ने भारत देश के लिए बलिदान दिया है। राहुल गांधी ने 4,000 किलोमीटर की पदयात्रा कर देश के आमजन की समस्याओं को सरकार के सामने रखने का काम किया। उनसे बड़ा देशभक्त कौन हो सकता है?

चर्चा करनी चाहिए थी, लेकिन उसने चुप्पी साधे रखी। उन्होंने यह भी कहा कि जब हमारे सैनिक सीमा पर शहीद हो रहे हैं, तब सवाल उठाने वाले नेताओं को राष्ट्रविरोधी बताना दुर्भाग्यपूर्ण है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का हवाला देते हुए कहा, ÷राहुल गांधी ने 4,000 किलोमीटर पदयात्रा कर आमजन की आवाज़ उठाई है। जिनके परिवार ने देश के लिए बलिदान दिया हो, वे राष्ट्रभक्ति पर प्रश्न नहीं, उदाहरण होते हैं।÷

गहलोत के अनुसार, देशभक्ति का सबसे बड़ा स्वरूप है - राष्ट्रहित में सच बोलना और सत्ता से जवाब मांगना। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार खुद चीनी आक्रामकता में हमारे जवानों की शहादत को स्वीकार चुकी है, तो विपक्ष के सवालों पर जवाब देने से क्यों कतराया जा रहा है?

## जोगणियां माता के दर्शन को जाते समय पलटी श्रद्धालुओं से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली, एक दर्जन घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं**

प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जोगणियां माता मंदिर की यात्रा श्रद्धालुओं के लिए उस समय भयावह बन गई जब मंगलवार सुबह मेनाल मार्ग पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई, जिसमें सवार करीब 35 श्रद्धालुओ में से दर्जनभर घायल हो गए। दुर्घटना उस वक्त हुई जब श्रद्धालु बूंदी जिले के अस्तौली गांव से रसोई लेकर मंदिर दर्शन को जा रहे थे।

### तेज मोड़ पर ट्रॉली पलटने से मचा हड़कंप

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रॉली एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन के पलटते ही चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्परता से सहायता की और घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

### एक दर्जन को मामूली चोटें, कई को भर्ती किया गया

घटना में सुरेश मीणा, राजू मीणा, दीपा, विष्णु, सुखराम मीणा और लालूराम प्रमुख रूप से घायल हुए। लगभग एक दर्जन लोगों को हल्की चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि अन्य घायलों का इलाज बेगूं उप जिला चिकित्सालय में जारी है।

### एक की हालत गंभीर, किया चित्तौड़गढ़ रेफर

घायलों में विष्णु मीणा की स्थिति चिंताजनक होने पर उसे तुरंत चित्तौड़गढ़ जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने सभी घायलों की निगरानी शुरू कर दी है।

### प्रशासन पहुंचा मौके पर, जांच शुरू

हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस अस्पताल पहुंची । पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण वाहन का असंतुलन माना जा रहा है।

CMYK

# शाहपुरा में 12 अगस्त को अमर शहीद हेमू कालानी स्मारक का लोकार्पण



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

नगर पालिका द्वारा पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में सिंधी कॉलोनी के सामने निर्मित अमर शहीद हेमू कालानी स्मारक का लोकार्पण समारोह 12 अगस्त को सुबह 10 बजे होगा। खास बात यह है कि इस अवसर पर हेमू कालानी का परिवार भी मुंबई से विशेष रूप से मौजूद रहेगा।

समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक डॉ. लालाराम बैरवा, विधायक श्रीचंद कृपलानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि व सिंधी समाज के पदाधिकारी भाग लेंगे।नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने बताया कि युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से यह स्मारक बनाया गया है। पालिका द्वारा कुल चार स्मारक बनाए जा रहे हैं, जिनमें से जैन समाज का संयम कीर्ति स्तंभ पहले ही लोकार्पित हो चुका है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी शुरू, उपखंड स्तरीय कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारियां तय

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

स्वतंत्रता दिवस का उपखंड स्तरीय मुख्य समारोह इस बार कस्बे के इंदिरा कॉलोनी स्थित राजकीय विद्यालय के नवीन भवन परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समारोह की रूपरेखा तय करते हुए विभागवार जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

### सुरक्षा, सजावट और अनुशासन पर विशेष जोर

उपखंड अधिकारी राठौड़ ने थानाधिकारी को मुख्य समारोह स्थल पर ध्वजारोहण के समय सलामी देने, कानून व्यवस्था बनाए रखने, पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ करने और अवांछनीय गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने के निर्देश दिए।




नगरपालिका को समारोह स्थल की सफाई, फर्नीचर, मंच व्यवस्था, माइक, पेयजल, मिठाई वितरण और लाइट डेकोरेशन का जिम्मा सौंपा गया। बैठक में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने राजकीय कोष से निजी विद्यालयों में मिठाई वितरण को लेकर आपत्ति जताई और सुझाव दिया कि मिठाई केवल मुख्य समारोह स्थल पर ही वितरित की जाए।

### छात्रों की अनुशासनहीनता पर नाराजगी

बैठक में यह मुद्दा भी सामने आया कि कुछ निजी विद्यालयों के छात्र कार्यक्रम के दौरान बीच में ही लौट जाते हैं, जिससे अव्यवस्था होती है। इस पर सीबीईओ मालीराम यादव ने अनुशासन बनाए रखने की अपील की और उपखंड अधिकारी ने निर्देश दिए कि ऐसे विद्यालयों की सूची बनाई जाए।

### सिविल डिफेंस टीम को भी जिम्मेदारी

बैठक व्यवस्था को लेकर सिविल डिफेंस टीम को जिम्मेदारी सौंपते हुए तहसीलदार ललित डीडवानिया को समन्वय करने के निर्देश दिए गए।

### ये रहे मौजूद

बैठक में प्रधान आशा देवी भील, उपप्रधान कैलाश धाकड़, विकास अधिकारी अशेष शर्मा, थानाधिकारी लोकपाल सिंह, ईओ पंकज मंगल सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# जिंदल सॉ लिमिटेड की अवैध ब्लास्टिंग पर प्रशासन सख्त, डीजीएमएस करेगा जांच

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**


जिंदल सॉ लिमिटेड की अवैध खनन और ब्लास्टिंग गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों के आक्रोश के बीच जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मामले की जांच खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस को सौंप दी है। सांसद की शिकायत के आधार पर 3 जून को गठित उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने 1 अगस्त को अर्ध-शासकीय पत्र जारी किया। कंपनी पर चारागाह और सार्वजनिक रास्ते में अवैध खनन के आरोप हैं, जिस पर खनिज विभाग ने नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। पांसल गांव में नाले में मलबा डंपिंग की पुष्टि भी तहसील जांच में हुई है।ग्रामीणों को आवंटित चारागाह भूमि का विकल्प अब तक नहीं मिलने पर प्रशासन को 2 अगस्त को पुनः ज्ञापन सौंपा गया। कलेक्टर ने सभी मामलों की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। प्रशासन की सक्रियता से ग्रामीणों में संतोष है, जबकि कंपनी पर दबाव बढ़ गया है।

# चेतक एक्सप्रेस में होंगे एलएचबी कोच, यात्रियों को मिलेगी आधुनिक सुविधा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा से दिल्ली के बीच चलने वाली चेतक एक्सप्रेस में अब पुराने कोचों की जगह आधुनिक एलएचबी लिंक हॉफमैन बुश कोच लगाए जाएंगे। यह मांग सांसद दामोदर अग्रवाल ने मंगलवार को संसद में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पुनः पुरजोर तरीके से रखी।

सांसद ने पूर्व में भेजे गए पत्र का हवाला देते हुए कोच परिवर्तन की त्वरित कार्यवाही की मांग की। उन्होंने कहा कि चेतक एक्सप्रेस एक महत्वपूर्ण रेल सेवा है, लेकिन दशकों पुराने कोचों के कारण यात्रियों को




अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि अग्रवाल ने संसद में यह मुद्दा गंभीरता से उठाया और आग्रह किया कि ट्रेन में सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक तकनीक से निर्मित एलएचबी कोच लगाए जाएं। इस पर रेल मंत्री ने संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एलएचबी कोच तेज रफ्तार, बेहतर संतुलन और सुरक्षा के लिहाज से अधिक उपयुक्त होते हैं। दुर्घटना की स्थिति में इन कोचों में जान-माल की क्षति की संभावना कम रहती है। साथ ही, इन कोचों में यात्रा करना अधिक सुविधाजनक होता है।

सांसद अग्रवाल ने रेल मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह बदलाव न केवल यात्रियों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि भीलवाड़ा जैसे औद्योगिक शहर को आधुनिक रेल संपर्क से जोड़ने में भी अहम भूमिका निभाएगा। चेतक एक्सप्रेस में बदलाव से हजारों यात्रियों को बेहतर सुविधा और नया अनुभव मिलेगा।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

प्रतापनगर थाना क्षेत्र के पीएनटी चौराहे के पास सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नया बापूनगर निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र श्यामसिंह गहलोत देर रात अपने दोस्त के घर से खाना खाकर स्कूटी से घर लौट रहा था। इसी दौरान पीएनटी चौराहे और बापूनगर के बीच एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी।



घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस में बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 90 किलोमीटर की पदयात्रा कर कोटड़ी श्याम दरबार पहुंचे श्रद्धालु, धर्मध्वजा फहराई

## कोटड़ी बना भक्ति और उत्साह का केंद्र, जयकारों से गूंजा कस्बा





**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेंद्र बबलू पोखरना**

देवली से निकली चार दिवसीय 90 किलोमीटर की पदयात्रा मंगलवार को कोटड़ी श्याम मंदिर पहुंची। 26वीं बार निकाली गई इस पदयात्रा में श्रद्धालुओं का भक्ति उत्साह देखते ही बनता था। ढोल-नगाड़ें, डीजे, खजीरे व मंजीरों की धुन पर भक्तों ने श्याम भजनों पर नृत्य करते हुए नगर में प्रवेश किया। कस्बेवासियों ने फूल बरसाकर और अल्पाहार करवा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कोटड़ी कृषि मंडी से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें चारभुजानाथ और बाबा महाकाल की सजीव झांकियां रही। मंदिर पहुंचने पर धर्मध्वजा चढ़ाई गई और रथ में विराजित ठाकुरजी की आरती हुई। कार्यक्रम में श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुंदर चेचाणी सहित कई पदाधिकारी व सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। यात्रा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर दीया ने बताया कि यह पदयात्रा लगातार 26 वर्षों से निकाली जा रही है। इस बार यात्रा में यात्रा अध्यक्ष रामेश्वर दीया, उपाध्यक्ष दिनेश राणावत ऊंचा, रामप्रसाद टांक रोपा, राजेंद्र दीया, रामू दीया, लक्ष्मणसिंह कुचलवाड़, भोपाल सिंह मीणा, रामलाल सैन, रामस्वरूप टांक, अमिश अरोड़ा, सुनील कुमावत नौरत सोनी सहित पारोली, रोपा, पंडेर, जहाजपुर सहित कई गांवों से भक्त शामिल हुए। कलाकार अंकित पंचोली व अन्य ने भजनों की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं।

# देरोली के देवनारायण मंदिर में चोरी , दानपेटी तोड़कर ले गए 25 हजार रुपये, ग्रामीणों में रोष

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

गोपालपुरा ग्राम पंचायत के देरोली गांव स्थित प्राचीन देवनारायण मंदिर में सोमवार देर रात अज्ञात चोरों ने दानपेटी तोड़कर करीब 20 से 25 हजार रुपये की नकदी चुरा ली। मंगलवार सुबह दर्शन के लिए पहुंचे ग्रामीणों ने जब दानपेटी टूटी देखी, तो मंदिर में चोरी की वारदात का खुलासा हुआ।

मंदिर समिति से जुड़े प्रकाश अहीर ने बताया कि तीन माह पूर्व ही मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा और उद्यापन जैसे धार्मिक आयोजन हुए थे। इसके बाद से श्रद्धालुओं द्वारा लगातार दान दिया जा रहा था। चोरों ने मंदिर परिसर को निशाना बनाकर श्रद्धालुओं की



भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेते हुए जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।



## QUICK BITES

# नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष राजेंद्र मोगरा का कोटा में सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**




राजस्थान निजी बस ऑपरेटर एसोसिएशन के कोटा में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण साहू ने भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष राजेंद्र मोगरा का सम्मान किया।
समारोह में मुख्य अतिथि प्रहलाद गुंजल रहे।
भीलवाड़ा से गोवर्धन सोमानी, चांदमल मूंदड़ा, बद्रीलाल जाट, महेंद्र जाट, राजेश पोरवाल, मोहनलाल जाट व गुंजन कुमार उपस्थित रहे।
इधर, भीलवाड़ा कांग्रेस कार्यालय में जगदीश चंद्र ओझा को प्रदेश प्रवक्ता और कलीम काजी को संयुक्त सचिव बनाए जाने पर भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व हरियाणा प्रभारी डॉ सतीश पुनिया 7 को भीलवाड़ा में

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा के प्रदेश प्रभारी डॉ सतीश पूनिया अपने एक दिवसीय प्रवास पर 7 अगस्त गुरुवार को भीलवाड़ा आएंगे।
जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि डॉ पूनिया 7 अगस्त को सुबह 9.30 बजे भीलवाड़ा पहुंचेंगे और सुभाषनगर जैन स्थानक में महासाध्वी डॉ कुमुदलता जी म.सा. के दर्शन करेंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात का कार्यक्रम रहेगा। वे शाम 4 बजे माधव गौशाला का दौरा कर 5 बजे भीलवाड़ा से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# कोटड़ी में पटवारी के फर्जी हस्ताक्षर और सील से जाति प्रमाण पत्र बनवाने का प्रयास

## तहसीलदार ने ई-मित्र संचालक पर कानूनी कार्रवाई के दिए निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेंद्र बबलू पोखरना**

मुख्यालय पर स्थित एक ई-मित्र केंद्र संचालक द्वारा पटवारी के फर्जी हस्ताक्षर और सील का इस्तेमाल कर जाति प्रमाण पत्र बनवाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब तहसीलदार कार्यालय को संदेहास्पद दस्तावेजों के साथ आवेदन प्राप्त हुआ। तहसीलदार रामकिशोर मीणा ने बताया कि ÷अधोहस्ताक्षरकर्ता की एसएसओ आईडी÷ से केजीएन ई-मित्र कोटड़ी के माध्यम से रुकसाना रंगरेज पुत्री बरकत अली निवासी कोटड़ी के लिए जाति प्रमाण पत्र का आवेदन किया गया था। आवेदन के साथ संलग्न पटवारी रिपोर्ट में हस्ताक्षर और सील की वास्तविकता पर संदेह होने पर पटवार हल्का कोटड़ी से जांच करवाई गई। जांच में पुष्टि हुई कि संबंधित दस्तावेज़ों में दर्शाए गए हस्ताक्षर पटवारी कोटड़ी के नहीं हैं, और न ही पटवारी ने ऐसी कोई रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि सील और हस्ताक्षर की छवि किसी अन्य दस्तावेज़ से कट-पेस्ट कर या कम्प्यूटर माध्यम से छेड़छाड़ कर फर्जी तरीके से तैयार की गई थी।
तहसील प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना प्रौद्योगिकी प्रभारी तथा संचार विभाग ब्लॉक कोटड़ी के माध्यम से दस्तावेज़ तैयार करने वाली ई-मित्र आईडी की जांच करवाई। जांच में सामने आया कि यह आईडी सोयब अख्तर मेवाती, निवासी नेहरू नगर, कोटड़ी के नाम से सक्रिय थी।
तहसीलदार ने कहा कि ई-मित्र संचालक द्वारा फर्जी दस्तावेज़ों के माध्यम से प्रमाण पत्र बनवाने का प्रयास एक दंडनीय अपराध है। इस मामले में कोटड़ी पुलिस थाना को कानूनी कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं।

# हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान को लेकर नगर निगम की समीक्षा बैठक आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



नगर निगम द्वारा हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। महापौर राकेश पाठक ने बताया कि यह अभियान 2 अगस्त से 15 अगस्त तक तीन चरणों में संचालित होगा। प्रथम चरण 2-7 अगस्त में विद्यालयों की तिरंगा सजावट, प्रदर्शनियां, राखी निर्माण, रंगोली प्रतियोगिताएं एवं स्वच्छता पर जागरूकता अभियान होंगे। द्वितीय चरण 9-12 अगस्त में तिरंगा मेला व संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तृतीय चरण 13-15 अगस्त में स्वच्छता और सजावट के आधार पर पुरस्कार वितरण होगा, जिसमें स्वच्छ विद्यालय, कार्यालय, जल स्रोत, पर्यटन स्थल व बाजारों को शामिल किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ मकान को भी सम्मानित किया जाएगा। कचरा स्टैंड्स पर निगरानी के लिए विशेष कार्मिक तैनात किए जाएंगे।

# महुआ गाँव की कॉलोनी में जलभराव से हादसे की आशंका, पानी निकासी मार्ग पर अतिक्रमण का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**



महुआ गाँव की एक कॉलोनी में बारिश के बाद जल निकासी मार्ग अवरुद्ध होने से कई घरों में पानी भर गया है, जिससे मकानों को क्षति पहुँचने और हादसों की आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासी मेवालाल खटीक ने इस गंभीर समस्या को लेकर मांडलगढ़ उपखण्ड अधिकारी मनमोहन शर्मा को ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन में बताया गया कि मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित कॉलोनी में कई दिनों से वर्षा जल निकासी नहीं होने के कारण पानी जमा है, जिससे मच्छर व कीट पतंगे पनपने लगे हैं। साथ ही आसपास के मकानों में सीलन व दरारें आने लगी हैं, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। खटीक ने आरोप लगाया कि बस्ती के कुछ लोगों ने जानबूझकर पुराने जल निकासी मार्ग पर ग्रेवल व मिट्टी डालकर अवरोधक बना दिया है, जिससे पानी का बहाव रुक गया है। पूर्व में इस रास्ते से वर्षाजल निकासी सामान्य रूप से होती थी, लेकिन इस बार मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया है। कॉलोनीवासियों ने ग्राम पंचायत पर लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया।
उपखण्ड अधिकारी मनमोहन शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पंचायत समिति विकास अधिकारी को जांच कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए हैं। कॉलोनीवासी प्रशासन से शीघ्र राहत की उम्मीद कर रहे हैं।

# आयुष नर्सेज ने 1005 पदों पर जल्द भर्ती की माँग को लेकर उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**



राजस्थान बेरोजगार आयुष नर्सेज संगठन के सैकड़ों नर्सेज मंगलवार को जयपुर पहुंचे और संगठन अध्यक्ष मुकेश जोशी के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा को ज्ञापन सौंपा। वे वर्ष 2013 में घोषित आयुर्वेद नर्स/कंपाउंडर भर्ती के शेष 1005 पदों पर नियुक्ति की माँग कर रहे हैं। अध्यक्ष मुकेश जोशी ने बताया कि वर्ष 2013 में 1605 पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन 12 वर्षों बाद भी शेष 1005 पद लंबित हैं। कई अभ्यर्थी अब आयु सीमा पार कर चुके हैं, जिससे उनमें आक्रोश है। उन्होंने सरकार से शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की मांग की।
इस दौरान राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों आयुष नर्सेज मौजूद रहे, जिनमें सुशीला शर्मा, पुष्कर आमेटा, रेखा वैष्णव, राजेश मीणा, कैलाश कुमारी, शहनाज अंसारी, योगेश, दमयंती, सुरेश, पवन, हितेश, शिखा, महेंद्र शामिल रहे ।

# भाजपा सरकार के खिलाफ जिला कांग्रेस आज देगी ज्ञापन

## मुखर्जी उद्यान से कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और कार्यप्रणाली के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवारको जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रदर्शन सुबह 11=15 बजे मुखर्जी उद्यान से शुरू होगा, जहां सभी कांग्रेसजन एकत्र होंगे। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे । पूर्व नगर परिषद सभापति चंद्रप्रकाश अमरवाल ने बताया कि इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसजन, पीसीसी सदस्य, पूर्व विधायक/विधायक प्रत्याशी, जिला कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी, पंचायती राज एवं नगरीय निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी, ब्लॉक एवं मंडल स्तर के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारी तथा युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# राजकीय बालिका विद्यालय में एनीमिया जांच शिविर, 131 छात्राओं की हुई जांच

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



भारत विकास परिषद शाखा व उप जिला चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में एनीमिया जांच शिविर एवं गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दुर्गाशंकर मेहर ने एनीमिया के लक्षण, बचाव और इलाज की जानकारी देते हुए पौष्टिक आहार अपनाने पर जोर दिया। शिविर में 131 छात्राओं की हीमोग्लोबिन जांच की गई तथा जरूरतमंदों को दवाएं, गुड़ और भुने चने वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान चार शिक्षकों का सम्मान एवं चार छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में परिषद अध्यक्ष डॉ. नानालाल धाकड़, अतिरिक्त सीबीईओ कन्हैयालाल शर्मा, प्रधानाचार्य दिलीप सिंह सहित कई अतिथि मौजूद रहे। संचालन मनोज गोधा ने किया।

# रैगर समाज द्वारा हुआ बाबा रामदेव भंडारे का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



नेशनल हाइवे किशननिवास चौराहा पर मंगलवार को रैगर समाज विक्रमपुरा द्वारा पैदल रामदेवरा जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्री बाबा रामदेव भंडारे का आयोजन किया गया। इस सेवा शिविर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की और ग्रामवासियों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर विक्रमपुरा के घीसीलाल, सुगनलाल, चंद्रप्रकाश, बगदीलाल, शांतिलाल, गोपाल, मोरतालियां, भूरालाल, नाथूलाल, संदीप, शिवलाल, चांदमल, इंदोरिया, मुकेश धाकड़, जगदीश धाकड़, नरेश धाकड़ एवं कमलेश मेघवाल उपस्थित रहे ।

# पुलिस की बड़ी कामयाबी लंबे समय से फरार हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

## आरोपी पर दर्ज हैं 11 संगीन आपराधिक प्रकरण

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**दिनेश पारिक**



अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोटड़ी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे शातिर बदमाश और हिस्ट्रीशीटर कुंदन जाट को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार कुंदन जाट थाना सदर क्षेत्र का घोषित हिस्ट्रीशीटर है, जो 10 जुलाई को हुई एक गंभीर मारपीट और जातीय अपमान की वारदात के बाद से फरार चल रहा था।

### होटल वेटर पर किया था जानलेवा हमला -

पीड़ित नरेश कुमार मीणा निवासी सरसिया ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह आनन्दा होटल पर वेटर का काम करता है। 10 जुलाई की रात लगभग 1 बजे निलेश बलाई, खाना कीर सहित 5-6 अन्य युवक मोटरसाइकिलों पर सवार होकर होटल पहुंचे। खाना व चाय सर्व करने के बाद जब पीड़ित ने भुगतान मांगा, तो आरोपियों ने उसके साथ जातिगत अपशब्द कहे और जानलेवा हमला कर दिया। लाठी, डंडों व लात-घूंसों से हमला कर सिर में गंभीर चोटें पहुंचाई गईं। घायलावस्था में होटल के अन्य कर्मचारी बीच-बचाव के लिए आए तो आरोपी मौके से फरार हो गए। जाते-जाते आरोपियों ने होटल में आग लगाने और जान से मारने की धमकी भी दी।

### पहले एक आरोपी गिरफ्तार, कुंदन लंबे समय से था फरार

घटना के बाद एक आरोपी खाना उर्फ कन्हैयालाल कीर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। जबकि मुख्य आरोपी कुंदन जाट फरार चल रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर कुंदन की तलाश की गई, और सदर थाना पुलिस ने उसे दबोचने में सफलता पाई। पूछताछ में आरोपी ने वारदात में संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### 11 मुकदमों में नामजद, थाने का हिस्ट्रीशीटर

पुलिस के मुताबिक कुंदन जाट एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ थाना सदर में 11 संगीन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। वह लंबे समय से फरारी काट रहा था। पूरी कार्रवाई पुलिस उप अधीक्षक रविंद्र कुमार के मार्गदर्शन में थानाधिकारी महावीर प्रसाद मीणा व टीम द्वारा की गई।

# सावर में ई-सर्विस की आड़ में फर्जीवाड़ा, प्रशासन का छापा


भीलवाड़ा फोकस @ सावर




(दिलखुश मोटिस )। कस्बे में ई-नागरिक सेवा केंद्र की आड़ में चल रहे फर्जीवाड़े का मंगलवार को एसडीएम आस्था शर्मा और तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव ने पुलिस बल के साथ भंडाफोड़ किया। ई-मित्र संचालक विष्णु वैष्णव के केंद्र पर छापे की भनक लगते ही वह फरार हो गया। मौके से कंप्यूटर, फर्जी दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड जब्त किए गए। शिकायतों के अनुसार, केंद्र पर लोगों से दस्तावेज़ बनाने के नाम पर अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा था और फर्जी प्रमाण-पत्र भी बनाए जा रहे थे। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। स्थानीय लोगों ने कार्रवाई को सराहनीय बताया और अन्य अवैध केंद्रों पर भी कार्रवाई की मांग की।

# जिला कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक, समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

कलेक्टर ने जनसुनवाई को नियमित रखने, शिकायतों के त्वरित व संतोषजनक निस्तारण, फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा और बजट घोषणाओं की क्रियान्विति पर जोर दिया।

उन्होंने ÷हर घर तिरंगा अभियान-2025÷ को लेकर सभी विभागों, संस्थानों व नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन ओ.पी. मेहरा, एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### चंवरा के हनुमानजी मंदिर का दानपात्र खोला, 1.60 लाख रुपये से अधिक की राशि प्राप्त

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



(रमेश चंद्र डाड)। मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा के हनुमानजी मंदिर में मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा भरे गए दानपात्र को खोला गया, जिसमें कुल 1, लाख 60 हज़ार 753 की नकद राशि प्राप्त हुई। दानपात्र गिनती के दौरान हनुमान जी विकास समिति के अध्यक्ष बालूराम अहीर, कोषाध्यक्ष सुरेश बसेर, सचिव मदन सुथार, उपाध्यक्ष गोपाललाल गुर्जर, पुजारी रोशन वैष्णव, सांवर वैष्णव, बजरंगदास वैष्णव, सहित कालूसिंह चौहान, नारायण गुर्जर, मोहन सिंह, प्रभु धाकड़, दीपक पोरवाल, कालू जायसवाल, मदन प्रजापत, श्रीराम पोरवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

### नेहरू रोड पर नगर निगम की कार्रवाई, अस्थाई अतिक्रमण हटाए

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



नगर निगम ने मंगलवार को शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाते हुए नेहरू रोड स्थित कृषि मंडी से रोडवेज बस स्टैंड तक के क्षेत्र में अस्थाई अतिक्रमण हटाए। नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नियमित कार्रवाई जारी रहेगी। इसी क्रम में सांगानेरी गेट से बड़े मंदिर तक सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी नोटिस जारी किए गए हैं।

निगम की इस कार्रवाई से सड़क मार्ग की बाधाएं हटने और यातायात व्यवस्था सुधरने की उम्मीद जताई जा रही है।

### रक्षाबंधन आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस' का हुआ आयोजन , 4362 मानदेयकर्मियों को मिला उपहार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राज्य सरकार के ÷बहनों की सुरक्षा-सम्मान पर्व अभियान÷ के तहत मंगलवार को नगर निगम सभागार में ÷रक्षाबंधन आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस÷ का जिला स्तरीय आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वर्चुअली जुड़े, जबकि मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू और विधायक लादूलाल पितलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान किया। जिले की 4362 मानदेयकर्मियों के खातों में 501-501 रुपये की डीबीटी राशि उपहार स्वरूप भेजी गई। साथ ही छाता और मिठाई के पैकेट भी वितरित किए गए।

अंत में महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक राजकुमारी खोरवाल ने आभार व्यक्त किया।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।